उच्च स्तरीय ध्वनि प्रदूषण के कारण मनुष्यों में कई प्रकार के व्यवहार संबंधी परिवर्तन हो जाते है। दीर्घ अवधि तक ध्वनि प्रदूषण के कारण लोगों में न्यूरोटिक मेंटल डिसार्डर (Neurotic Mental Disorder) हो जाता है। मॉसपेशियों में तनाव तथा खिंचाव हो जाता है। स्नायुओं में उत्तेजना हो जाती है।

(iv) शारीरिक प्रभाव

उच्च शोर के कारण मनुष्य विभिन्न विकृतियों एवं बीमारियों से ग्रसित हो जाता है जैसे– उच्च रक्तचाप, उत्तेजना, हृदय रोग, आँख की पुतलियों में खिंचाव तथा तनाव, मांसपेशियों में खिंचाव, पाचन तंत्र में अव्यवस्था, मानसिक तनाव, अवसाद आदि। अचानक आने वालो उच्च ध्वनि के कारण गर्भवती महिलाओं में गर्भपात भी हो सकता है।

7. ध्वनि प्रदुषण का नियंत्रण (Controling of Sound Pollution)

ध्वनि प्रदूषण से होने वाले नुकसानों के मद्देनजर जरूरी है कि इस समस्या से निदान पाने के उपायों पर सरकार के साथ–साथ समाज के हर वर्ग के लोगों को गंभीरता से कदम उठाने कि जरूरत है। ध्वनि प्रदूषण का संबंध व्यक्ति विशेष तथा मानव समुदाय दोनों से होता है। अतः इसका समाधान व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा शासकीय स्तरों पर किया जा सकता है। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतू कुछ महत्वपूर्ण सुझाव/उपाय निम्नलिखित है–

(क) विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के किनारे हरे वृक्षों की कतार खड़ी करके ध्वनि प्रदूषण से बचा जा सकता है क्योंकि हरे पौधे ध्वनि की तीव्रता को 10 से 15 डी.बी. तक कम कर सकते है। इसके तहत महानगरीय/शहरी क्षेत्रों में हरित वनस्पतियो की पट्टी विकसित की जा सकती है।

(ख) वाहनों के प्रेशर हार्न पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाये।

(ग) वाहन चालकों के अनावश्यक हॉर्न बजाने पर रोक लगाई जाए। साथ ही, ध्वनि–प्रदूषण फैलानेवाली गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया जाये।

(घ) धीमी और तेज गति के वाहनों के लिए अलग–अलग मार्ग बनाया जाएं।

(च) ट्रैफिक का संचालन सही तरह से हो एवं शहरों के नए इलाके बसाते समय सही योजना बनाया जाये।

(छ) विवाह समारोह एवं पार्टी आदि के समय लाउड–स्पीकरों /डी0जे0 के बजाने पर प्रतिबंध हो तथा पर्व–त्योहारों या खुशी के मौकों पर अधिक शक्तिवाले पटाखें के चलाने पर भी रोक लगाई जाए।

(ज) आम जनता को ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूक करने के लिए जन जागरण कार्यक्रम चलाया जाये। इन कार्यक्रमों में वाहन चालकों को जरूर शामिल किया जाये।

(झ) स्कूल/कॉलेजों में ध्वनि प्रदूषण पर निबंध, कविता, लेख तथा वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये।

(ट) ध्वनि प्रदूषण से निदान सम्बंधित सेमिनार का आयोजन सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों द्वारा किया जाये।

(ठ) ध्वनि प्रदूषण की समस्या से सख्ती से निपटने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा व्यापक कानून बनाने की जरूरत है।

8. निष्कर्ष

वास्तव में ध्वनि–प्रदूषण आज हमारे समक्ष एक गंभीर चुनौती है। भारत के परिपेक्ष्य में बात करें तो इसमें कोई दो मत नहीं है कि ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूकता समाज के लोगों में काफी कम है। इसका प्रमुख कारण यह है कि हममें से अधिकतर लोग इसे 'प्रदूषण' नहीं, बल्कि 'दैनिक जीवन का एक हिस्सा' मानते है। पिछले कुछ दशकों से इस समस्या ने लोगों का ध्यान आकृष्ट किया है। ध्वनि–प्रदूषण आधुनिक समय की एक बड़ी समस्या बन गई है। इसका कुप्रभाव मनुष्यों के ऊपर ही नहीं बल्कि पशु–पक्षियों एवं वनस्पतियों पर भी पड़ता हैं। आज समय कि जरूरत है की इस गंभीर समस्या पर काबू पाने के लिये हम सभी को सार्थक कदम उठाने की जरूरत है।



****

क्रोध प्रबंधन
(Anger Management)





अजीत कुमार सिंह
निरीक्षक

''क्रोध से भ्रम पैदा होता है, भ्रम से बुद्धि व्यग्र होती है।
जब बुद्धि व्यग्र होती है, तब तर्क नष्ट हो जाता है।
जब तर्क नष्ट हो जाता है, तब व्यक्ति का पतन हो जाता है।''

– गीता

आधुनिक जीवन शैली में जीते हुए हम वयस्तता के चलते न तो अपने आप को समय दे पाते हैं न ही अपने परिवार को। भागदौड़ भरी जिंदगी में समान्यतः हम आए दिन तनाव और क्रोध से घिरे रहते हैं। जिससे हम न सिर्फ अपनी सेहत खराब करते हैं बल्कि कम उम्र में ही तरह–तरह की बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। वास्तव में देखा जाये तो किसी को भी क्रोध आना स्वाभाविक है लेकिन इस क्रोध के कारण कई बार हम अपना ही नुकसान कर बैठते हैं। ऐसे में क्रोध नियंत्रण करना बहुत ही जरूरी है। क्रोध जाहिर करने की जगह क्रोध नियंत्रण करना सीखना ज्यादा जरूरी हैं जिससे कि सम्बंधों में दरार आने से बचाई जा सके। क्रोध का परिणाम दूसरों के लिए बुरा हो या न हो, लेकिन क्रोध करने वाले के लिए निश्चित तौर पर बुरा ही होता हैं। क्रोध को मनुश्य का सबसे बड़ा शत्रु बताया गया है। इसकी वजह से कई बार रिश्ते भी टूट जाते है। इसलिए क्रोध को सही समय पर काबू कर लेना ही समझदारी हैं।

गुस्सा करने से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले बुरा असर



- क्रोध आने पर मस्तिक में ऐसे रासायनिक तत्व बनते हैं, जिनका शरीर और मन पर बुरा प्रभाव पड़ता है।
- ब्लड़ प्रेशर बढ़ जाता है। साथ ही, हृदय से सम्बंधित बीमारियों की संम्भावना बढ़ जाती है।
- ऑखे लाल हो जाती है तथा सिर दर्द हो सकता है।
- आक्रामक भावनायें उत्पन्न हो जाती हैं तथा तनाव बढ़ता है।
- सोच–विचार की शक्ति क्षीण होने लगती है।
- लगातार क्रोध करने से पाचन तंत्र कमजोर हो जाता हैं, जिससे एसिडिटी, कब्ज, भूख नहीं लगना जैसे रोग हो सकते है।
- क्रोध से नींद नही आती, जिससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता हैं।
- क्रोध में रहने से चेहरे का सौन्दर्य भी नष्ट हो जाता है।

क्रोध प्रबंधन कैसे करें ?



- अपनी सोच को सकारात्मक रखें तथा सकारात्मक बातें करें यानी आशावादी बनें।
- क्रोध आने पर क्रोध के कारण के बारे में सोंचे और अपना ध्यान कहीं और लगाने की कोशिश करें।
- जब भी आपको तेज क्रोध आए, तब आप गहरी सांस ले और 10 से 1 तक कि गिनती धीरे–धीरे गिनना शुरू कर दें। इससे आप उस बात को भूल जाएंगे जिससे आपको गुस्सा आया था।



- अपने आसपास के माहौल को शांत और खुशहाल बनाते हुए अधिक से अधिक तनावमुक्त रहने की कोशिश करें, ऐसा करके आप तनाव और क्रोध से कोसों दूर रहेंगे।
- क्रोध आने पर तुरंत प्रतिक्रिया न देते हुए लंबी–लंबी सांसे लें और उल्टी गिनती गिनना आरंभ करें। इससे आपका मन भी शांत होगा और आप क्रोध पर भी काबू पा सकेंगे।
- तनाव होने पर कुछ समय के लिए आंखे बंद कर लें और प्राणायाम करने की कोशिश करें।
- व्यर्थ में किसी की चुगली करने या किसी की बातो में आने से पहले अपने मन की सुने। इससे आप किसी के प्रति अपने मन में द्वेश नहीं पालेंगे और आपका मन भी शांत रहेगा।
- संभव हो तो क्रोध और तनाव दूर करने के लिए अपने मन को मजबूत बनाएं और गुस्सा न करने का प्रण लें।
- अपनी नींद पूरी करें क्योंकि कई बार नींद पूरी न होने से भी चिड़चिड़ापन होता हैं जिससे तनाव बढ़ना और गुस्सा आना जायज है।
- कोई काम सोच समझ कर करें और किसी को भी कुछ भी बोलने से पहले दो बार सोंचे, कही आप किसी का गलत तो नहीं करने जा रहे हैं।
- अधिक गुस्सा आने या तनाव महसूस होने पर संगीत सुनें। संगीत से मन और दिमाग दोनों शांत होते हैं।
- अपने परिवार, साथी, दोस्तों और कार्मिक के साथ अच्छा संबंध बनाए रखें। इससे आपके आसपास का माहौल हमेशा खुशहाल रहेगा।
- क्रोध आने पर आपको चाहिए कि आप भावावेश में न आएं बल्कि खुद को नियंत्रित करें और कुछ भी बोलने से पहले एक बार जरूर सोंचे।
- क्रोध कम करने या नियंत्रण करने के लिए जरूरी है कि आप अपनी इच्छा को प्रबल करें और दृढ़ निश्चय लें कि क्रोध पर नियंत्रण करना ही है।
- क्रोध आने पर उसके कारणों पर गौर करें कि क्या कारण इतना बड़ा हैं कि आपका गुस्सा करना जायज है या फिर आप छोटी सी बात को अपने गुस्से की वजह से बहुत आगे बढ़ा रहे हैं।
- क्रोध के कारण व्यक्ति बहुत चिड़चिड़ा हो जाता है और व्यक्ति अक्सर तनाव में रहने लगता है।
- गुस्सा होने के बजाय जिन लोगों पर या जिन कारणों पर आपको गुस्सा आता है उनको सुलझाएं और परिस्थितियों को समझें। साथ ही, लोगों को माफ करना व माफी मांगने की आदत डालें। इससे आप आसानी से अपने गुस्से को काबू कर पाएंगे।
- कई बार आप जो सोच रहे हैं उसके विपरीत होने पर आपको गुस्सा आता है। लेकिन यह भी सोंचे कि यह जरूरी नहीं कि जो आप सोच रहें हैं हमेशा वही हो।
- कई बार दोस्तों, पति–पत्नी या परिवार के बीच कुछ गलतफहमियां या टकराव हो जाता है, जो गुस्से का कारण बनता है। ऐसे में बात करके गिले शिकवे दूर किया जा सकता है।
- क्रोध रोकने के लिए आवश्यक है कि ध्यान कहीं और लगाएं। जब क्रोध आ रहा हो तो उस जगह से थोड़ी देर के लिए चले जाएं। वहां रहेंगे तो गुस्सा और बढ़ेगा।
- क्रोध को कम करने के लिए व्यायाम, मेडिटेशन अथवा योग कर सकते हैं।
- प्रतिदिन घूमने, व्यायाम करने, कोई खेल खेलने इत्यादि कार्यकलाप में भाग लेने से हमारे अन्दर सकारात्मक ऊर्जा आती है जो कि क्रोध को दूर करने में सहायक है, इसीलिए अधिक से अधिक खुश रहने की कोशिश करें।
- क्रोध में कोई कदम उठाने के बाद उसके परिणाम भी भुगतने पड़ जाते हैं। इसलिए क्रोध में कुछ करने से पहले बाद में होने वाले परिणामों के बारे में सोचने की कोशिश करें।
- प्रत्येक दिन ऐसे जियें की जैसे वो हमारे जीवन का आखिरी दिन हो। जीवन छोटा है और यह जरूरी है कि हम इसे सकारात्मक तरीके से जियें ना कि नकारात्मक तरीकें से। एहसास करें कि अगर हम अपना सभी समय क्रोधित होने में बीता देंगे तो जिंदगी की खुशियों का आनंद कब लेंगे।

****

प्राकृतिक आपदाओं को आमंत्रित करता समाज



रणवीण कुमार मिश्रा
सहायक समादेष्टा

दुनिया में पर्यावरण को लेकर चेतना में वृद्धि तो हो रही है परन्तु वास्तविक धरातल पर उसकी परिणति होती दिखाई नहीं दे रही है चारो ओर पर्यावरणीय सुरक्षा के नाम पर लीपा–पोती हो रही है विगत दिनों डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में हुए विश्व पर्यावरण सम्मलेन की असफलता ने मनुष्यता को और अधिक संकट में डाल दिया है।

पर्यावरण आज एक चर्चित एवं महत्वपूर्ण विषय है जिस पर पिछले दो–तीन दशकों से काफी बातें हो रही है और काफी चिंता भी व्यक्त की जा रही है लेकिन पर्यावरणीय असंतुलन कम करने की कोशिशें उतनी महत्वपूर्ण नहीं है , जितनी अपेक्षा और आवश्यक है।

पर्यावरण के पक्ष में काफी बातें कही जा चुकी हैं इस असंतुलन से बढ़ रही प्राकृतिक आपदाओं के कारण जन – धन की हानि के लगातार बढते आकडों पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है ताकि आप अनुभव कर सकें कि पर्यावरणीय असंतुलन तथा प्राकृतिक प्रकोपों की कितनी कीमत भारत तथा अन्य देशों को चुकानी पड़ रही है।

पर्यावरण के असंतुलन के दो मुख्य कारण हैं एक है बढती जनसँख्या और दूसरा बढती मानवीय आवश्यकताएं और उपभोक्तावृति इन दोनों का असर प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ता है और उसकी सहन करने की क्षमता लगातार कम हो रही है पेड़ों के कटने, भूमि के खनन, जल के दुरूपयोग और वायु मंडल के प्रदूषण ने पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा सृजित किया है। इससे प्राकृतिक आपदाएं भी बढ़ी हैं।

पेड़ पौधों के कटने से धरती नंगी हो रही है और उसकी मिट्टी को बांधे रखने, वर्षा की तीक्ष्ण बूंदों से मिट्टी को बचाने, हवा को शुद्ध करने और वर्षा जल को भूमि में रिसाने की लगातार शक्ति क्षीण हो रही है इसी का परिणाम है कि भूक्षरण, भूस्खलन और भूमि का कटाव बढ़ रहा है जिससे मिट्टी अनियंत्रित होकर बह रही है इससे पहाड़ों एवं ऊंचाई वाले इलाकों की उर्वरकता (fertility) समाप्त हो रही है और मैदानों में यह मिट्टी पानी का घनत्व बढाकर और नदी तल को ऊपर बढाकर बाढ की विभीषिका को बढा रही है खनन की वजह से भी मिट्टी का बहाव तेजी से बढ़ रहा है उधोगों और उन्नत कृषि की चाहत ने पानी की खपत को बेताहाशा बढाया हैं पानी की बढती जरुरत भूजल के स्तर को लगातार कम कर रही है. वही उधोगों के विषैले अवशेष तथा गन्दी नालियों के निकास ने नदियों को विकृत करके रख दिया है और उनकी शुद्धिकरण की आत्मशक्ति समाप्त हो गयी है कारखानों और वाहनों के गंदे धुएं और ग्रीन हाउस गैसों ने वायु मंडल को प्रदूषित कर दिया है यह स्थिति जिस मात्रा में असंतुलित होगी , पृथ्वी पर प्राणियों का जीवन उसी मात्रा में दूभर और कठिन होता चला जायेगा।

बीसवीं सदी का अंतिम दशक एवं इकीसवीं सदी का प्रारंभ भूकम्पों एवं बाढों के त्रासदी एवं अन्य प्राकृतिक तथा मानव जनित आपदाओं का दशक रहा है दुनिया के अनेक भागों में भूकंप के झटकों एवं असामयिक बाढ़ की विभीषिका ने जनजीवन में भारी तबाही मचाई है भारत में पिछले दशक में 1991 के उत्तरकाशी भूकंप,1993 में लातूर, उश्मानाबाद,1999 गढ़वाल तथा 2013 में उत्तराखंड त्रासदी, 2014 में जम्मू एवं कश्मीर में आई बाढ़ एवं हाल में ही नेपाल भूकंप त्रासदी, गुजरात, तमिलनाडु में आई बाढ़, इन आपदाओं ने जन मानस एवं सम्पतियों का व्यापक विनाश किया है।

भारत में हिमालय से सहाद्री और दंडकारन्य तथा पूर्वी एवं पश्चिमी घाटों तक में मिट्टी का कटाव एवं बहाव तेज होने और उनसे उद्गमित होने वाली नदियों की बौखलाहट बड़ी तेजी से बढ़ी है।

हाल में ही नेपाल में आये भूकंप के संदर्भ में यदि हम आत्मचिंतन करें तो पाते हैं कि हिमालय क्षेत्र में इसके लिए हमारी विकास की अनियोजित विकास एवं अवधारणाएं से सम्बंधित क्रियाकलाप भी दोषी है विकास के नाम पर नाजुक क्षेत्रों में भी मोटर मार्ग एवं अन्य अनियोजित निर्माण किये गए जिनमे भारी विस्फोटकों का उपयोग किया गया मिट्टी बेतरतीब ढंग से काटी गयी एवं जंगलों का अत्यधिक कटाव किया गया इस कारण बढ़ी संख्या में नये–नये भुस्ख्लन उभरे और नदियों की बौखलाहट बढ़ी इनमे लाखों टन मिट्टी बह रही है, जिसका दुष्प्रभाव न केवल हिमालय वासियों पर पड़ रहा है बल्कि मैदानी प्रदेश भी बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित हो रही है।

आज जीवनदायनी प्रकृति और उसके द्वारा प्रदत्त प्राकृतिक संशाधनों के अत्यधिक उपयोग और भौतिक सुख–सुविधाओं की चाहत की अंधी दौड़ के चलते न केवल प्रदूषण बढ़ा है बल्कि अप्रत्याशित प्रदूषण के कारण जलवायु में बदलाव आने से धरती तप रही है इसका सबसे बड़ा कारण है अप्रत्याशित मानवीय स्वार्थ जो प्रदूषण का जनक है। महात्मा गाँधी जी ने इस बारे में करीब एक शताब्दी पहले कहा था "धरती सभी मनुष्यों एवं प्राणियों की जरूरतों की पूर्ति करने में सक्षम है, परन्तु किसी की तृष्णा को शांत नहीं कर सकती है" हमारे ऋषियों ने इस अनुभव से भोग की मर्यादा सीमित एवं बांध कर त्याग को महत्व दिया है।

विकास के आयाम और मापदंड हम आपदाओं के सन्दर्भ में नहीं बनाते, इसमें आर्थिक मूल्य की अहमियत ज्यादा है , जिसका सीधा असर हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर खर्च से जुड़ता है सुरक्षा पर ध्यान देने से ऐसा प्रतीत होता है कि उस पर खर्च ज्यादा आयेगा परन्तु वर्तमान परिपेक्ष्य में देखें तो ऐसा लगता है कि अगर हम आने वाले या संभावित आपदा की आशंका के अनुसार विकास की रणनीति तय करें तो जनमानस के नुक्सान को कम किया जा सकता है आपदा प्रबंधन एवं विकास में सामंजस्य होना नितांत आवश्यक है विकास हो लेकिन सुरक्षित विकास हो।

विश्व बैंक की विभागीय सर्वेक्षण 2014 का अगर सन्दर्भ लें तो आप पाएंगे कि पूरा दक्षिण एशिया विभिन्न आपदाओं के प्रति बहुत संवेदनशील है और तैयारी के स्तर पर, क्षमता के स्तर पर बहुत पीछे है यह स्पष्ट करता है कि हम पूर्णतः तैयार नहीं है।

तैयारी एवं क्षमता विकसित करना प्रत्येक देश के लिए जरुरी है अन्यथा इससे बडी विभीषिका के लिए भी हमें तैयार होना होगा। आपदा प्रबंधन को एक सतत यात्रा बनाये रखने की आवश्यकता है, न की गंतव्य क्योंकि प्रबंधन हमेशा ही अनुसंधान एवं विकास का विषय रहा है।

****

आपदा और आपदा प्रबंधन



नीरज कुमार
सहा0 समादेष्टा

आपदा प्रायः अनपेक्षित घटना होती है जो मानव नियंत्रण के बाहर तथा प्राकृतिक व मानवीय कारकों द्वारा घटित होती है जिससे मानव जीवन की क्रियाऐं अवरूद्ध हो जाती हैं और व्यापक तौर पर जानमाल की हानि होती है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रास एंड रेड क्रीसेंट सोसाइटी के अनुसार आपदा को अचानक एवं प्रलयकारी घटना के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो समाज या समुदाय की कार्यशीलता को गंभीरता से प्रभावित करती है, जिससे जन–धन की हानि, विकास एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। प्राकृतिक आपदाएं अर्थव्यवस्था, कृषि, खाद्य सुरक्षा, जल, स्वच्छता, पर्यावरण और स्वास्थ्य को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं इसीलिये अधिकांश विकासशील देशों के लिए ये चिंता का एक बड़ा कारण है। आर्थिक पहलू के अलावा इस तरह की आपदाओं के सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक पक्ष भी होते हैं जिनकी गहनता से अध्ययन करने की आवश्यकता है।



आपदाऐं पर्यावरणी प्रकोपों का परिणाम होती हैं अर्थात् सभी प्रकार की चरम घटनाएं प्रकोप होती हैं, परंतु सभी प्रकोप आपदा नहीं होते। अतः चरम घटना (Extreme event) प्रकोप (Hazards) व आपदा (Disasters) के मध्य सूक्ष्म विभेदन को समझना अनिवार्य है। वे घटनाऐं जो प्राकृतिक या मानवीय कारणों से उत्पन्न होती हैं किन्तु प्राकृतिक प्रक्रियाओं को तेज कर देती हैं वे चरम घटना कहलाती हैं जैसे भूकम्प, ज्वालामुखी आदि। पर्यावरणीय प्रकोप (Hazards) उन चरम घटनाओं को कहते हैं जो किसी तंत्र की सहनशीलता की सीमा को पार कर जाती है जिससे पर्यावरणीय एवं जन–धन हानि होती है। प्रकोप चरम घटनाओं के प्रक्रम होते हैं ये आपदा हो भी सकते हैं और नहीं भी। वहीं आपदा त्वरित एवं तीव्र गति से घटित घटना है जिसके द्वारा मानव समाज, जन्तु एवं वनस्पति समुदाय को गंभीर क्षति होती है। कोई भी प्रकोप उस समय आपदा होता है, जब वह मानव आवासीय क्षेत्रों में आता है। आपदाओं का आंकलन सदा मानव समाज को हुई जनधन हानि के परिप्रेक्ष्य में किया जाता है। अर्थात् यदि किसी भूकम्प का उद्भव निर्जन क्षेत्रों में होता है जो अधिक तीव्रता का होता है किन्तु उससे जन–धन हानि नहीं होती हैं तो वह प्रकोप (Hazard) कहलाता है। वहीं उसी तीव्रता का भूकम्प अगर किसी रिहायशी क्षेत्र में आता हैं तो उससे काफी जन–धन हानि होगी, इसलिए उसे आपदा की संज्ञा दी जाएगी।

संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय आपदा शमन रणनीति (UNISDR) के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं के मामले में चीन के बाद भारत का स्थान है। भारत में आपदाओं की रूपरेखा मुख्यतः जलवायविक स्थितियों और स्थलाकृतियों की भेषताओं से निर्धारित होती है। उन्हीं के फलस्वरूप विभिन्न तीव्रता की आपदाएँ वार्षिक रूप से घटित होती हैं। आवृत्ति, प्रभाव व अनिश्चितताओं के हिसाब से जलवायु प्रेरित आपदाओं का स्थान सबसे ऊपर है।

आपदा का विश्लेषण उससे होने वाली मौतों, हानि तथा विस्थापित होने वाली जनसंख्या के आधार पर किया जाता है। आपदा की समस्या उच्च जन्म दर, भूमि की समस्या, आर्थिक अवसरों की कमी तथा संसाधनों के त्रुटिपूर्ण आबंटन तथा बढ़ती जनसंख्या को मूलभूत सुविधाएँ न मिलने के कारण हैं। जनसंख्या में वृद्धि के कारण भूमि की कमी से लोगों ने ऐसे क्षेत्रों में आवास बना लिये हैं जो आपदा के संभावित क्षेत्र में होते है।



गरीबी आपदा के प्रभाव के रूप में सबसे महत्वपूर्ण एकल प्रभाव है। यदि आपदा से प्रभावित जनसंख्या केवल गरीबों तक सीमित नहीं रहती तो इसके प्रभावों को कम किया जा सकता था। वस्तुतः आपदा से संबंधित सभी अध्ययन प्रदर्शित करते है कि जनसंख्या का संपन्न वर्ग या तो आपदाओं से प्रभावित ही नहीं होता या वह जल्दी संभल जाता है। आपदाओं के संदर्भ का व्यापक अवलोकन करने के पश्चात् यह ज्ञात होता है कि गरीबी आमतौर पर खतरों के प्रभाव से बचने के लिये लोगों को कमजोर बनाती है। गरीबी व्याख्या करती है कि शहरी क्षेत्रों में रहते वाले गरीब लोग क्यों ज्वालामुखी तथा ऐसी नदियों के तट के किनारे रहते हैं जो बाढ़ प्रभावित है। गरीबी व्याख्या करती है कि सूखे की चपेट का ज्यादा प्रभाव अमीर किसान की अपेक्षा गरीब किसान पर क्यों पड़ता है और अकाल की स्थिति में अन्य आपदाओं की तुलना में गरीबों को भोजन की अनुपलब्धता उनकी कम क्रयशक्ति का परिणाम होती हैं। गरीबी यह भी व्याख्या करती है कि लोग क्यों देश के एक भाग से दूसरे भाग तथा सीमा पार करके अस्तित्व में रहना चाहते हैं। ऐसे संकट प्रवसन को प्रेरित करते हैं जो तात्कालिक रूप में विस्थापितों को सहायता तथा लंबी अवधि में विकास की प्रक्रियाओं के लिये विचारणीय प्रश्न हैं।

जनसंख्या में वृद्धि तथा आपदा से होने वाली हानि के बीच एक स्पष्ट संबंध है। यदि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में अधिक जनसंख्या व मानव निर्मित संरचनाएँ है तो स्वाभाविक रूप से वहाँ आपदा का प्रभाव भी अधिक होगा। जनसंख्या में हो रही लगातार वृद्धि के कारण अधिक संख्या में लोग असुरक्षित क्षेत्रों में रहते हैं। जनसंख्या में वृद्धि होने से सीमित संसाधनों की प्राप्ति के लिए प्रतिस्पर्द्धा से संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होगी। इस संघर्ष का परिणाम संकट प्रेरित प्रवास होता है। इस प्रकार की संभावना विकासशील देशों में अधिक देखने को मिलती है। इसका परिणाम विभिन्न प्रकार की आपदाओं में देखने को मिलता है।



तीव्र जनसंख्या वृद्धि व प्रवास तीव्र शहरीकरण के प्रमुख घटकों से संबंधित है। यह प्रक्रिया विकसित देशों में तीव्रता से बढ़ रही है। शहरीकरण की एक विशेषता यह है कि ग्रामीण निर्धन या किसी विवादित क्षेत्र में रहने वाले लोग आर्थिक अवसर व सुरक्षा की तलाश में महानगरों की ओर रूख कर रहे है। बड़ी संख्या में बढ़ रहे शहरी गरीबों को सुरक्षित व अपेक्षित स्थानों पर घर निर्मित करने के सीमित विकल्प होते हैं। ऐसी स्थिति में वे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में रहते के लिये विवश होते हैं। कम आय वाले परिवारों के खड़ी पहाड़ी या खड्डों या बाढ़ आपदा वाले क्षेत्रों में बसाव से भूस्खलन व बाढ़ आपदा तीव्र व असुरक्षित शहरीकरण से जुड़ी हैं। शहरी क्षेत्रों में कई भूकंप पीड़ित गरीब परिवार जिस स्थान पर रहते हैं वह क्षेत्र ही सम्पूर्ण रूप से भूस्खलन या आपदा से प्रभावित होता है। दुर्लभ संसाधनों के लिये बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा तेजी से बढ़ते शहरीकरण का परिणाम है जो मानव निर्मित आपदा को जन्म देती है।

कई आपदाऐं पर्यावरण निम्नीकरण के बढ़ने या उनके कारण होती है। निम्नीकरण वर्षा जल के तीव्र प्रवाह को बढ़ावा देता है जो बाढ़ के आने में सहायता करता है। मैंग्रोव व तटीय पारिस्थितिकी का विनाश तटीय क्षेत्रों की उष्ण कटिबंधीय तूफानों व लहरों का सामना करने की क्षमता को कमजोर करता है। सूखे की स्थिति, गंभीरता व समय की अवधि तथा सूखा समापन ये सभी प्राकृतिक घटनाऐं है किन्तु सूखे की स्थिति को पिछड़ी कृषि पद्धति, अतिचारण, मृदा की ऊपरी परत का अनावृत होना, कमजोर संरक्षण की प्रवृति, सतही व उप सतही जल आपूर्ति में कमी एवं अनियंत्रित शहरीकरण का विस्तार आदि कारक बढ़ाते हैं।

आपदा इसलिये भी घटित होती हैं क्योंकि अधिकांश जनमानस आपदा से निपटने के उपाय भी नहीं जानते हैं। जागरूकता के आभाव में लोगों को यह पता नहीं होता है कि सुरक्षित जगहों पर भवन निर्माण के लिये क्या कदम उठाए जाऐं जिससे ये आपदा से कम–से–कम प्रभावित हों। लोगों को तीव्र संकट के समय सहायता के लिये कहाँ जाना चाहिये, यह भी पता नहीं होता है। इन स्थितियों में आपदा का प्रभाव और भी भयावह हों जाता है।

****

SENSITISING SCHOOLS TOWARDS DISASTER PREPAREDNESS



Hipparkar Suresh
Inspector

Natural disaster like floods, droughts and earthquakes destroy the lives of more than 300 million people every year. Disaster can affect anybody at any time. But in most cases the poorest and most vulnerable people especially children are affected first and are hit hardest. Climate change is also increasing the strength and frequency of storms, cyclones, earthquakes, floods and droughts. The impact of these disasters depends on people's vulnerability and their ability to cope. By building community resilience and by helping people to adapt to climate change, we can reduce the impact of future disasters. The school is a densely populated place and has small children that are one of the most vulnerable groups in society, perennially prone to such natural disasters. To reduce this vulnerability for schools, it is important to have a school Disaster Management plan.



So as a consequence, school administrators, staff, teachers and students should be prepared in case of emergencies and disasters due to natural hazards. (e.g. earthquakes, floods, typhoons,. Landslides, etc.) to or man-made causes (e.g urban fire, chemical spills from school labs, bombs, etc) to protect themselves from personal injury and loss of life and protect the school property from damage. School preparedness requires undertaking the following important actions-creating a school emergency and disaster preparedness committee, designing a school emergency and disaster preparedness plan as well conducting emergency drill and exercises. It is important to identify the hazards in the school, how to manage the hazards and how to mitigate the effects through planning and effective response. The aim of emergency planning is to ensure that the safety of students and the staff is maintained during an emergency. The emergency management plan is a means by which this can be achieved. Emergency and Disaster preparedness is one important component of Disaster Risk Reduction. It consists of actions intended to increase the coping capacity of people and make them more resilient to disasters.



In the event of an earthquake, which is the most common natural disaster to affect schools, children and teachers in an unsafe school building are at considerable risk. According to the Government of Gujarat, a total of 31 teachers died and 95 were injured, 971 students perished (

910 in primary schools, 37 in secondary schools. 3 in collage and 21 in technical schools) and 1,051 were injured in Bhuj Earthquake of 2001. Formal education was disrupted due to widespread damage to school infrastructure. Many of these buildings had been poorly constructed, lacked earthquake resistant features and were badly maintained. The casualties might have been much higher had it not been a holiday, when many students were either at home or were in open spaces because of the Republic Day celebrations.

Need for school Disaster Management Planning

Schools are generally considered to be safe havens for millions of children after the family. However, recent experiences with natural disaster demonstrate the need for schools to be prepared for all-hazard crisis possibilities. It is important to note that there is a fundamental link between day-to-day emergency readiness and disaster preparedness. Schools that are well prepared for an individual emergency involving a student of staff member are more likely to be prepared for complex events such as community disaster. While safely planning is familiar to schools, disaster planning is relatively new to the education sector. Such contingency planning may be seen as an extension of the risk assessment procedure. It is the key reducing the management of a disaster to a system for making decisions at a time when decision making is difficult.



For most schools, disaster planning , or crisis management, is about ensuring that normally returns as soon as possible and that unnecessary damage is not done to the children and staff; or to the 'valuable relationships' built up between the school, parents and the local community. This is consistent with good safety practice and minimises the impact of a disaster. School disaster planning is a facet of larger community planning and therefore, requires coordinated planning and allocation of community resources. Plans should be developed in partnership with other community groups, including law enforcement, fire safety, public health, Emergency Medical Services (EMS), and paediatric and mental health professionals. How these various groups interface varies by region and whether the incident is of local, state, or national significance. Although EMS traditionally involved emergency medical technicians and ambulances, today it encompasses all out-of-hospital care events through emergency department management. In the event of an emergency in a school or in the community while a child is under school jurisdiction, EMS also includes school nurses, teachers, and other school staff.



A sound disaster preparedness plan should strive to promote a culture of preparedness and prevention by promoting and supporting the main streaming of education of disaster risk reduction, The ongoing risk of natural disasters, such as earthquakes, has underscored the need for schools to have disaster plans that are uniquely designed for the school culture and interface with the larger



community. Clear guidelines are only part of the process. Schools must also have the resources and expertise to implement disaster plans. Cultural approaches and paradigms must also be taught early to have real success. It has to share innovative and stimulating educational materials and programmes for schools by linking risk reduction curricula to public awareness programmes. Several other initiatives such as educational presentations, displays and bulletin boards, print and electronic media, radio and television, and any other medium in which disaster safety is communicated to educate and raise awareness about specific hazards can be opportunities for new partnerships and projects that encourage and educate children to be a proactive force in reducing risk in their communities. An ideal vision is that education be made an integral part of long-term development strategy in disaster risk management. Let us all work together towards a common goal of a more educated and prepared community in disaster risk reduction.

****





Crusaders Against Calamities



ACTIVITES DURING THE QUARTER & NDRF OPERATIONS

CHENNAI URBAN FLOOD -DECEMBER, 2015

Heavy downpour in Tamil Nadu and some parts of Puducherry, forced thousands to leave their submerged homes and left several marooned in many parts of inundated areas for several days. This urban flood crises affected the normal lives of populace, livestock and resulted into huge paucity of daily needs.

NDRF undertook the most massive "Humanitarian Assistance and Disaster Relief" (HADR) operation in the flood ravaged States to assist the State administration in rescue and relief work, 50 (48 in Chennai and 02 in Pudduchery) Urban Search and Rescue (USAR) teams of NDRF from NDRF base Arakkonam, Bhatinda, Guwahati, Guntur, Patna and Pune comprising of more than 1700 responders, equipped with nearly 200 boats rushed to flood affected State. NDRF teams demonstrated their prowess and professionalism and left no stone unturned to provide immediate relief to the victims. The humanitarian efforts of NDRF were appreciated by State government, locals, media and specially by the affected families.

Due to the prompt response of NDRF, 22,450 persons and 30 livestock were rescued and also recovered 13 dead bodies. NDRF medical teams attended 359 patients in the medical camps organized by NDRF medical teams.

During this opertion, NDRF teams distributed 241904-Food Pkt, 210372-Water Pkt, Four truck food Material, 22186-Milk Pkt, 2800Kg-Atta, 5150Kg-Rice, 8581 nos-Misc Food items, 56965 Nos-Cloths & Blanket, 16030-Misc items.



Ferrying people to safer places by NDRF rescuers during Chennai urban flood

ANDHRA PRADESH FLOOD

In the month of November, 2015 flood like situation arose in the several parts of Andhra Pardesh which affected the normal life and left several people marooned. On requisition of local administration, NDRF teams were sent for Humanitarian Assistance and Disaster Relief (HADR) operation in flooded parts of Nellore and Chittoor districts. Teams evacuated more than 14,800 marooned people to safer place and also assisted local administration in distribution of relief materials.



NDRF responders are in action during Andhra Pradesh Flood



BOREWELL OPERATION

On 04th Oct, 15, a two and half year old girl fell in a borewell at Vill- Nadi Malwas Dhani (Biharipura) Teh-Lalsot Dist-Dausa. State administration sought NDRF help for rescue the trapped girl. NDRF team pre-positionined at Nareli (Ajmer) immediately rushed to the incident site and safely retrieved the girl from borewell. The prompt action of NDRF was highly appreciated by the local administration, media and people.





Rescue Work is in Progress by NDRF

INAUGURATION OF CANINE KENNEL BY DG, NDRF

Canine are the integral part of NDRF Urban Search and Rescue Team and proved their substance in several search & rescue operations conducted by NDRF. On 14th Oct, 2015, a newly constructed Kennel was inaugurated by DG NDRF at NDRF base Arrakonam (T.N).





Sh. O P Singh, DG, NDRF Inaugurating the Dog Kennel in Arrakonam

NDRF RESCUED 03 DROWNING PERSONS

On 23rd Oct, 2015 large number of people gathered on Ganga Sarovar Ghat in Varanasi. Keeping in view of situation, 02 NDRF teams were pre-positioned for emergency response. Alert NDRF rescuers saved 03 precious lives of devotees during Murti Visarjan.





NDRF USAR Teams Are on High Alert During Murti Visarjan in Varanasi, U.P

SAADMEX -2015

On the intiative of Government of India, the "South Asian Annual Disaster Management Exercise (SAADMEx) under the aegis of MHA, MEA, and NDMA, was conducted from 23rd - 26th November 2015 by NDRF at New Delhi, and NCR. This exercise provided a platform for sharing of best practices on comprehensive aspects of disaster risk reduction, strengthening regional response and coordination for disaster management among the SAARC nations for augmenting distinct and combined preparedness for rescue and relief efforts during the disaster.





Union Minister of State for Home, Shri Kiren Rijiju inaugurated the first SAADMEx with the formal lighting of lamp in the the presence of Additional Secretary, Ministry of External Affairs, Secretay General, SAARC, Member Secretary, NDMA, delegates from the SAARC member countries, representatives from Embassies/High Commission of SAARC countries in Delhi, representatives from UN OCHA, senior officials from MHA, NDMA,MEA, NDRF, NIDM and other Ministries.

The inaugural ceremony was followed by a Table Top Exercise (TTEx) conducted at Hotel the Ashok, New Delhi to provide participants an opportunity to discuss disaster response plan and capabilities of SAARC countries.The exercise focused on national on-site emergency command and control, coordination, critical decision, notifications and integration of regional & international humanitarian support.

TTX was followed by a Field Training Exercise (FTEx) on Collapsed Structure Search & Rescue (CSSR) at NTH ground Kamla Nehru Nagar, Ghaziabad and on Chemical emergencies at L.G. Factory, Surajpur, Greater NOIDA, U.P on 24th & 25th, November respectively. The event was concluded on 26th November, 2015 at Hotel the Ashok, New Delhi with After Action Review (AAR).Hon'ble Home Minister of India, Sh. Rajnath Singh was the chief guest on this occasion.









INDIA -AFRICA FORUM SUMMIT-2015

Third India-Africa Forum Summit (IAFS-III) was held in New Delhi from 26-30 October 2015 at Indira Gandhi Indoor Stadium in which NDRF team was deployed for emergency response.





सामुदायिक क्षमता निर्माण जागरूकता/जन–जागरूकता अभियान

पश्चिम बंगाल:– एनडीआरएफ द्वारा इस तिमाही के दौरान जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत पश्चिम बंगाल के नदियां एवं अलीपुरद्वार जनपदों के विभिन्न स्थानों में प्रदर्शनों के जरिये 3000 से अधिक स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया गया।





पंजाब :– एनडीआरएफ द्वारा लोगों के विभिन्न प्रकार की आपदाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 01–15 दिसम्बर 2015 तक नवा शहर जनपद में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 लोगों ने भाग लिया।





राजस्थान :– दिनांक 26 अक्टूबर से 09 नवम्बर 2015 तक सिरोही जनपद तथा दिनांक 23 नवम्बर से 07 दिसम्बर 2015 तक उदयपुर जनपद के विभिन्न स्थानों जैसें खेकड़ा, सारदा, सेमरी, शलूमूवर, लासादिया, मानली, बुद्वगांव, गोगडा, शायरा, मीरपुर कोटला, झाढाडे स्थानों में जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की आपदाओं जैसे कि बाढ, सुनामी, भूकम्प, आग, सूखा, रेल दुर्घटना के दौरान करने वाली प्रतिक्रियाओं एवं सुरक्षित बचाव के तरीकों तथा आपदाओं के दौरान फंसे हुये घायलों के बचाव के तरीकों एवं प्राथमिक चिकित्सा पद्वतियो, रस्सी से बचाव के तरीकों, विभिन्न घरेलू सामानों से पतवार बनाने के बारे में जानकारी दी गयी। एनडीआरएफ द्वारा प्रायोजित प्रदर्शनी को स्थानीय जनता, स्कूल प्रशासन, छात्र, टीचर व संचार माध्यमों ने काफी सराहा जिसमें लगभग 8000 लोगों ने भाग लिया 3261 स्थानीय नागरिकों ने लाभ लिया तथा लाभान्वित हुये तथा 81 लोगों, छात्रों/अध्यापकों को प्रशिक्षित भी किया गया।





सामुदायिक क्षमता निर्माण जागरूकता/जन–जागरूकता अभियान

गुजरातः– दिनांक 27 दिसम्बर से 03 जनवरी 2016 के दौरान राजकोट जनपद के गाँव प्रांशला, तहसील उपलेटा में गैर सरकारी संगठन श्री वेदिक मिशन ट्रस्ट द्वारा राष्ट्र कथा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनडीआरएफ की टीमों ने लोगों को आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के आपदा प्रबन्धन उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन किया । एनडीआरएफ द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में शिक्षाविद्, न्यायधीश, वैज्ञानिक, सेना व स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारियों राजनेताओं, अभिनेता सहित स्थानीय नागरिकों व 1000 छात्रों ने भाग लिया तथा 1900 लोगों को एनडीआरएफ द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। इस प्रदर्शनी को श्रीमती आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री, गुजरात श्री के.के. पटेल, राज्यपाल, उत्तराखण्ड, रिटार्यड मेजर जनरल जी डी वख्शी, श्री राजीव गुप्ता, सचिव, युवा मामले भारत सरकार, डाक्टर डी पाण्डे, आईएफएस, पूर्व महानिदेषक FSI, अभिनेता मुकेश खन्ना, बिग्रेडियर दिनेश चढ्ढ़ा, कर्नल रोहित पाल और श्री प्रदीप चौहान वाइस एडमिरल पूना आदि ने देखा।





उड़ीसाः– इस क्वार्टर के दौरान एनडीआरएफ द्वारा उड़ीसा के संभलपुर एवं कटक जनपदों में आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदर्शनों एवं व्याख्यानों के जरिये लोगों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव के तरीकों, राफ्ट बनाने के तरीके और अन्य जीवन रक्षक पद्वतियों जैसे कि खपच्ची, प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी गयी जिसमें 1700 लोगों ने भाग लिया।





केरलः– एनडीआरएफ द्वारा लोगों को CPR Lifting & Carrying Methods, FBAO के बारे में थ्रीसुर जनपद के अनेक स्कूलों एवं ग्रामीण स्थानों में छात्रों एवं स्थानीय लोगों को जानकारी दी गयी । जिसमें 3000 लोग सम्मिलित हुये।





सामुदायिक क्षमता निर्माण जागरूकता/जन–जागरूकता अभियान

तमिलनाडुः– एनडीआरएफ द्वारा इस तिमाही के दौरान इदुकी जनपद में आपदा प्रबन्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 1200 से अधिक लोगों, छात्रों ने भाग लिया और लाभान्वित हुये।





मिजोरमः– भूकम्प आपदा एवं बचाव कार्यक्रम के तहत एनडीआरएफ द्वारा लोगों को भूकम्प के कारणों, उसके प्रभाव एवं बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यंग मिजो ऐशोसियेशन हॉल आइजोल और सरकारी विश्वविद्यालय मामित में जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें 3000 लोगों ने भाग लिया और लाभान्वित हुये।





मेघालयः– दिनांक 17 से 25 नवम्बर तक एनडीआरएफ द्वारा साउथ गारो हिल जनपद के अनेक स्कूलों विद्यालयों ब्लाक ऑफिस तथा सर्किट हाउस में व्याख्यानों एवं प्रदर्शनों के माध्यम से छात्रों स्थानीय नागरिकों राज्य पदाधिकारियों व कार्मिकों को एनडीआरएफ की भूमिका, क्षमता व उपलब्धियों की जानकारी के साथ–साथ विभिन्न जीवन रक्षक पद्धतियों की जानकारी दी गयी जिसमें लगभग 6000 लोग सम्मिलित हुये ।





सामुदायिक क्षमता निर्माण जागरूकता/जन–जागरूकता अभियान

उत्तर प्रदेश :– एनडीआरएफ द्वारा दिनांक 19 से 24 अक्टूबर' 2015 के दौरान उत्तर प्रदेश के फारूखाबाद जनपद व 28 नवम्बर 15 को हापुड में जनजागरूकता कार्यक्रम में लोगों को सर्पदंश प्राथमिक उपचार, मानवजनित व प्राकृतिक आपदाओं के प्रति 2250 लोगों को जागरूक किया गया।





हरियाणा:– अक्टूबर माह में एनडीआरएफ द्वारा हरियाणा के कुरूक्षेत्र व यमुना नगर जनपद के अलग–अलग तहसीलों प्रखण्डो और विद्यालयों में 2500 लोगों को आपदा प्रबन्धन की जानकारी दी गयी।





कर्नाटक:– एनडीआरएफ द्वारा 19 सितम्बर से 03 अक्टूबर 2015 तक चमराज नगर जनपद के विभिन्न स्थानों में 7500 लोगों को आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण दिया गया।





MOCK EXERCISE

INDUSTRIAL DISASTER

Mock exercise w.e.f 01st to 04th Dec, 2015 on Industrial Disaster was conducted by NDRF in Silvasa (Dadara Nagar Haveli). NDRF team demonstrated its capabilities in the field of Disaster Management. The mock exercise was witnessed by around 2620 peoples including members of Fire Services, SDRF, the college students, villagers, local medical team and members of civil administration.





EARTHQUAKE

A mock exercise on "Earthquake Disaster" was conducted by NDRF with other stakeholders in Assam, Meghalaya, Sikkin, Gujarat, West Bengal and Odisha. These exercises were attended by more than 5000 personnel of SDRF, Fire Service, Civil Defence, State Police and district officials.





CHEMICAL

In the month of Oct 2015, Joint Mock Exercise on Chemical Emergency was conducted by NDRF at IOC Depot Gidha, Bihar and at TATA Company, Jamshedpur (Jharkhand.)





MOCK EXERCISE

HIGH RISE RESCUE

On 27th Oct, 2015, a mock exercise on rescue from high rise building at J.K. Engineering College in Sawlai, Dist-Vadodara, Gujarat was organized, which was witnessed by approximately 550 peoples including members of fire services, SDRF, the college students, villager's local medical team and members of civil administration.





RAIL ACCIDENT

In the process to effectively deal with rail accidents, a series of Joint mock exercises with Indian Railways were conducted at railway station Malda, West Bengal, railway station Ernakulam, Sharanur, Junction, Izzat nagar, U.P and at Rajkot, Gujarat during this quarter, which were witnessed by more than 1500 Railway staff and local people.





GUWAHATI EMERGENCY MANAGEMENT EXERCISE (GEMEx)

NDRF along with SDRF, Civil Defence, Assam Police, Manipur Police organized a training on "Search & Rescue Technique" at Assam State Museum Guwahati under the emergency management exercise- 2015 (GEMEx) w.e.f. 14th to 18th December 2015.





NDRF DURING REGIONAL EVENTS

CHHAT PUJA -2015

Chhat Puja dedicated to the Hindu Sun God, Surya and Chhathi Maiya was celebrated on the sixth day of the month Kartika of the Hindu lunar calendar in various parts of Bihar, Assam, Uttar Pradesh and other parts of the country. In view of mass gathering, NDRF teams were pre-positioned at Assam, Bihar and U.P.





KARTIK PURNIMA SNAN

On the occasion of Kartik Purnima Snan (holy bath), NDRF teams were deployed in Patna along the Ganga river ghats on 24th & 25th Nov 2015. During deployment, NDRF teams rescued 04 devotees from river Ganga in Patna.





NDRF IMPARTED DISASTER RESPONSE TRAINING TO NEPAL ARMED POLICE

Two week Disaster Management Training for Nepal Police was conducted by NDRF w.e.f 04-18 December at its base Ghaziabad, U.P. 10 officers of Nepal Police of Disaster Management Division of Nepal attended the training.

During training, various modules on Medical First Responder, Collapsed Structure Search & Rescue, CBRN Emergency Management, Disaster Management perspective, Gender Sensitivity and Dead body management were covered. The participants were also provided hands on training on pre-hospital treatment .The exposure to Earthquake Scenario with multi causality incident and methodology of Incident Command System given.





TRAINING TO OTHER STAKEHOLDERS

NDRF organised disaster awareness program and more than 1500 personnel of Railways, SDRF, Civil Defence, Home Guards, Assam Police, NCC cadets, NGOs, Tripura State Rifles, Nagaland Police, SSB and CISF personnel got benifitted.







National Disaster Response Force

Working towards a disaster resilient Nation.....

வெள்ளத்தால் பாதிக்கப்பட்ட மக்களை மீட்க 21 படகுகளுடன் அரக்கோணத்தில் இருந்து சென்ற தேசிய பேரிடர் மீட்பு குழுவினர்





குவாஹாடி இமாவஜெண்டி மேனேஜ்மெண்ட் எக்ஸாசைஹிஜ்-2015ன் சஃபல் சமாபன்



படகுகளுடன் புறப்பட்ட தேசிய பேரிடர் மீட்புப் படையினர்



ரயில் நிலையத்தில் போலி நாய்களுடன் நின்று பயிற்சி



பஸ்சிம் அசமத் ஜலப்ரலய்

ராணிப்பேட்டை பாலத்தில் வெள்ளத்தில் மூழ்கிய சிறுவன் பிணமாக மீட்பு



ராணிப்பேட்டை பாலத்தில் தேசிய பேரிடர் மீட்பு குழுவினர் சிறுவனை தேடியபோது எடுத்த படம்.

தல்லைக்கு பேரிடர் மீட்புக் குழு வருகை



முரந்நிவாரணம்: சேனயுடெ மோக்ட்ரில்



வள்ளக்கடவு பாலம் அருகே கொச்சி அருகே கொக்கயிலேக்கி மரிஞ்ஞ் 32 பேர்க்கி பரிக்கி



NDRF conducts joint mock drill on earthquake, industrial disaster



National disaster response force personnel ferry people to safety from flood hit Nandambakkam in Chennai on Wednesday. — BC

hindustantimes | patna | 03

More than 150 NDRF personnel deployed with water ambulances



ALL ABOUT ELITE FORCE

Chennai endures flooding

DC CORRESPONDENT
CHENNAI, NOV. 18

Much to the relief of the people of Tamil Nadu the fury of the northeast monsoon spell has subsided with only a few districts experiencing rain on Wednesday. Life is slowly getting back to normal in Chennai and Cuddalore, the two places worst hit in the long wet spells from November 7 to 16.

After backbreaking rescue, rehabilitation and relief work, the government agencies are now trying to avert any major epidemic outbreak in...

...ahram state health secretary told this newspaper as he inspected one such camp in VIDCO Nagar, Velachery in Chennai on Wednesday evening.

More than 36,000 persons have been screened so far in just the mobile camps, noted a state health official. According to him, several additional medical camps have been set up in low-lying areas where people are stranded in their houses or in relief camps.

In Kanchipuram, over 11,000 persons have been screened through 108 medical camps while 9,472 persons benefited in 48 such camps held in Thiruvallur...

■ Schools and colleges in districts of Chennai, Kanchipuram and Tiruvallur have been given holiday till November 22 and the institutions will reopen on November 23.

■ Chief Minister Jayalalithaa on Wednesday announced that the state government would provide compensation to flood affected farmers after assessment by officials.

...n insurance major United India Insurance has received claims to the

Monsoon



FLOODED, STRANDED AND RESCUED

95% of rain-hit rescued in city

एनडीआरएफ ने बाढ़ व हिमस्खलन के साथ निपटने के लिए संयुक्त मॉक ड्रिल का किया अभ्यास



ाटों और सरोवरों पर मुस्तैद रही एनडीआरएफ



आपदा से बचाव के लिए ग्रामीणों को शीघ्र प्रशिक्षण



NDRF team begins staff training at city hospitals

Procedure Commences With Two Batches At SSPG Hosp



NDRF, SDRF, fire brigade mock drill held in Shillong

SHILLONG, Nov 25: The National Disaster Response Force conducted exhibition & participated Global conference on Disaster Risk Reduction and major initiatives in North eastern region India towards Disaster resilience at state convention centre hotel pine wood shilling, Meghalaya on Nov 23 and 24. The exhibition was organized on direction of OP Singh, Director General, NDRF.

The Exhibition was followed by a presentation by Manohar Singh, deputy commandant on Role of NDRF during disaster & post disaster. A Joint mock exercise on earthquake and industrial disaster, emergency and response was conducted on Nov 25 at Celo petrol pump in Shillong to ensure effective response of various Stake holders. 1st BN NDRF took active participation & assisted SDRF, fire brigade & other stake holders in planning and co-ordination at the initial stage and participated in a lead role during conducted of mock drill.

On this occasion, SK Sastri, Offg Commandant, 1st NDRF, Guwahati said in a statement, "Earthquake, Industrial disaster response & mitigation exercises/ mock drills generate mass awareness in all section of society. This kind of mock drills also develops better co-ordination which is essential to respond to actual disaster situations moreover disaster response is not only the task of specialized groups, community groups/ youths working personnel, NGOs, various authorities & civil administration also play an instrumental role for effective & accountable disaster management. The community should be aware of the hazardous installations & know how to combat the situation. The local community has to be informed about the response steps to be taken in case of an accident community member should monitor the pollution levels of the industry & participate in mock drills for evacuation."

Approximately 200 Stake holders, media persons witnessed the joint mock drill.



रसायनिक, बाढ़ व रेल हादसे के बचाव की दी गयी जानकारियां



डीआरएफ ने की रेलवे के साथ जॉइंट मॉक ड्रिल



12/12/15 hindustan

Kashi under armed forces umbrella for premiers' visit



NDRF conducts joint mock drill on earthquake, industrial disaster



Demonstration of Capabilities With Railways by NDRF



NDRF CBRN Team in Action during A Mock Exercise

Published by: PR Cell, NDRF